# घरेलू पर्यटकों का पसंदीदा राज्य बना उत्तर प्रदेश


## केंद्र सरकार ने विश्व पर्यटन दिवस पर 2024-25 में पर्यटकों और पर्यटन स्थलों की रिपोर्ट की जारी, ताजमहल पहली पसंद

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में सबसे अधिक देशी और विदेशी पर्यटक आगरा का ताजमहल देखने जाते हैं, जबकि घरेलू पर्यटक ओडिसा का कोर्णाक सूर्य मंदिर देखना पसंद करते हैं। घूमने के लिए उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटकों का पहला पसंदीदा राज्य है, इसके बाद दूसरे स्थान पर तमिलनाडु का नंबर आता है। यह खुलासा भारत भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों और पर्यटन स्थलों की रिपोर्ट में हुआ है।

विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर

### देशी पर्यटकों की संख्या में 17.51% तो विदेशी पर्यटकों की संख्या में 8.84% की बढ़ोतरी



केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट जारी की है। खास बात यह है कि देशी पर्यटकों की संख्या में 17.51% और विदेशी पर्यटकों की संख्या में 8.89 % की बढ़ोतरी हुई है। भारत दुनिया भर में पर्यटकों के लिहाज से 15 वें स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में 2.094 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत भ्रमण के लिए आए। भारत आने वाले कुल विदेशी पर्यटकों में से 45 % सिर्फ आगरा घूमने के लिए आते हैं। विदेशी पर्यटक औसतन भारत में 18 से 12 दिन रुकते हैं। विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के भारत भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों का आंकड़ा 28.49% है। जबकि भारत में 10.52% विदेशी बिजनेस के मकसद से और मेडिकल टूरिज्म के तहत भारत आने वाले विदेशियों का आंकड़ा सिर्फ 6.48 % है। इसमें से 56.85 फीसदी पुरुष और 43.14 % महिला पर्यटक हैं।

**घरेलू और विदेशी पर्यटकों का पसंदीदा पर्यटक स्थल ताजमहल...** विदेशी पर्यटकों के टॉप 10 पसंदीदा स्थलों में ताजमहल, आगरा का किला, कुतुबमीनार, हुमायूं का मकबरा, मध्य प्रदेश का बोरी वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी, फतेहपुर सिकरी, इत्माद-उड़-दौला आगरा, नालंदा, लाल किला तो यूपी का सहेत-महेत है। जबकि घरेलू पर्यटकों को ताजमहल, कोर्णाक सूर्य मंदिर, कुतुबमीनार, लाल किला, बीबी का मकबरा, अंजता-ऐलोरा गुफाएं, गोलकुंडा किला तेलंगाना, आगरा का किला, ऊपरकोट किला व चारमिनार हैं।